भोपाल, सीहोर, इंदौर, छिंदवाड़ा ग्वालियर, मुरैना से एकसाथ प्रकाशित

दैनिक

सच एक्सप्रेस

जनता की बुलंद आवाज़

सत्यम् सदैव सुन्दरम्...

वर्ष-14 || अंक- 123 || पृष्ठ-8 || शुल्क- 2 रुपए || भोपाल || सोमवार 15 सितंबर || 2025

www.dainiksachexpress.com, sachexpress.page

पेज 2 सतखण्डपुरा धाम में 22 सितंबर से भव्य मेला

पेज 3 स्टेशन बजरिया के श्री महावीर दिगंबर...

पेज 5 बदमाशों पर पुलिस की सख्ती...

पेज 6 आयुर्वेदिक मेडिसिन विषय पर कार्यशाला

पेज 7 पुलिस द्वारा की जा रही वसूली

सराफा बाजार का आज का भाव

15 सितंबर 2025, 01:20PM

डालर $ 88.27

GOLD LIVE - 109270

हालमार्क ज्वैलरी रेट

24 KT-113050 बेड

23 KT-108400

22 KT-104100

20 KT-95000

18 KT-86000

14 KT-66100

Silver Live - 128840

चांदी हाजिर 999- 131100

AAG ज्वेलर्स (उज्जैन वाले)

सर्वधर्म कोलार रोड, भोपाल

Condition Apply

चुनाव प्रचार से विजय जुलूस तक

सभी प्रकार की दुनाय प्रचार सामग्री के निर्माता एवं विक्रेता

सभी प्रकार के झण्डे, बैज, बैनर, टैग, स्टीकर, पोस्टर, स्लोगन बोर्ड, होर्डिंग, पर्चेस एवं प्रिंटिंग कार्य हेतु पधारें

SHEELA शीला एड-मेकर्स

E-mail:sheelaadmakers@gmail.com

139, Malviya Nagar, Bhopal (M.P.)

Tel./Fax: 0755-4012177,

Mob.:9301020777, 8889120777

GB-3, Ground Floor Mansarover Complex, Near BJP Office Bhopal

Tel. 0755-4277938

www.sheelamakers.com

सच-संक्षेप

भोपाल के जलस्त्रोत का भराव

स्थल	फुलटैंक	वर्तमान स्थिति
बड़ा तालाब	1666.70	1666.80 फीट
कोलार डैम	462.2	459.08 मीटर
केरवा डैम	509.93	507.80 मीटर
कलियासोत डैम	505.67	502.78 मीटर

ट्रंप-जिनपिंग की मुलाकात के लिए बिसात हो रही तैयार

मैड्रिड। मैड्रिड में अमेरिका और चीन के अधिकारियों के बीच नई दौर की आर्थिक और व्यापारिक वार्ता शुरू हो गई है। दोनों देशों के बीच बढ़ते राजनयिक संपर्कों के बीच यह बैठक बेहद अहम मानी जा रही है। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट और ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जेमिसन ग्रीयर कर रहे हैं, जबकि चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उप-प्रधानमंत्री हे लिफेंग कर रहे हैं।

एसी और एलईडी लाइटों के लिए पीएलआई योजना की अवधि बढ़ी

नई दिल्ली। सरकार ने एसी और एलईडी लाइटों के लिए पीएलआई योजना के लिए आवेदन विंडो 30 दिनों के लिए फिर से खोल दी है। यह विंडो अब 15 सितंबर से 14 अक्टूबर तक खुली रहेगी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा,सफेद चीजों के लिए पीएलआई योजना के तहत आवेदन विंडो फिर से खोली जा रही है। उद्योगों के अधिक निवेश करने की इच्छा के आधार पर यह फैसला किया गया है।

मोहम्मद शमी की पूर्व पत्नी हसीन जहां चुनाव लड़ेंगी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। सभी राजनीतिक दलों ने अपनी चुनावी रणनीति बनाने और उम्मीदवारों के चयन की तैयारी शुरू कर दी है। खबर है कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस क्रिकेटर मोहम्मद शमी की पूर्व पत्नी हसीन जहां पर दांव लगा सकती हैं। कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को मजबूत करने के लिए एक के बाद एक कार्यक्रम शुरू किए हैं। अगले चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन के लिए जिलेवार बैठकें हो रही हैं।

धूम्रपान से हर साल 13.5 लाख भारतीय गंवाते हैं जान

नई दिल्ली। तंबाकू से हर साल 13.5 लाख भारतीयों की मौत हो जाती है लेकिन व्यापक जागरूकता के बावजूद धूम्रपान छोड़ने की दर बहुत कम है। भारत में तंबाकू से संबंधित बीमारियों पर सालाना 1.77 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च पर स्वास्थ्य सेवा विशेषज्ञों ने धूम्रपान-मुक्त निकोटीन विकल्पों के उपयोग सहित नयी व विज्ञान-समर्थित हानि न्यूनीकरण रणनीतियों की आवश्यकता पर बल दिया।

सुप्रीम फैसला

पूरे वक्फ कानून पर रोक से इंकार तीन मुख्य प्रावधानों पर लगाई रोक

नई दिल्ली। ॥ एजेंसी

शीर्ष अदालत ने सोमवार को वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 को लेकर बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने कानून पर रोक लगाने की मांग पर विचार करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून पर केवल दुर्लभतम मामलों में ही रोक लगाई जा सकती है। कोर्ट ने यह भी कहा कि राज्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषदों में गैर-मुस्लिमों की संख्या तीन से अधिक नहीं हो सकती। अपना फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि हमने प्रत्येक धारा को दी गई चुनौती पर प्रथम दृष्टया विचार किया है और पाया है कि पूरे कानून पर रोक लगाने का कोई मामला नहीं बनता। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने उस प्रावधान पर रोक लगा दी है, जिसके अनुसार पिछले पांच वर्षों से इस्लाम का पालन करने वाले व्यक्ति ही वक्फ बना सकते हैं। कोर्ट ने कहा है कि यह प्रावधान तब तक स्थगित रहेगा, जब तक यह तय करने के लिए नियम नहीं बन जाते कि कोई व्यक्ति इस्लाम का अनुयायी है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि जहां तक संभव हो वक्फ बोर्ड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुस्लिम होना चाहिए। इसके अलावा, धारा 3(74) से जुड़े राजस्व रिकॉर्ड के प्रावधान पर भी रोक लगाई गई है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि कार्यपालिका किसी भी व्यक्ति के अधिकार तय नहीं कर सकती। जब तक नामित अधिकारी की जांच पर अंतिम निर्णय न हो और जब तक वक्फ संपत्ति के मालिकाना हक का फैसला वक्फ ट्रिब्यूनल और हाई कोर्ट द्वारा न हो जाए, तब तक वक्फ को उसकी संपत्ति से बेदखल नहीं किया जा सकता। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि राजस्व रिकॉर्ड से जुड़े मामलों का अंतिम निपटारा होने तक किसी तीसरे पक्ष के अधिकार नहीं बनाए जाएंगे।

फैसले की अहम बातें

- बोर्ड के कुल 11 सदस्यों में से 4 से ज्यादा गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होंगे।
- राज्यों के बोर्ड में 3 से ज्यादा गैर मुस्लिम सदस्य नहीं होंगे।
- कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के उस प्रावधान पर रोक लगा दी है जिसके अनुसार वक्फ बनाने के लिए किसी व्यक्ति को 5 वर्षों तक इस्लाम का अनुयायी होना जरूरी था।
- कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम के उस प्रावधान पर रोक लगा दी है, जिसके तहत सरकार की तरफ से निर्धारित अधिकारी को यह तय करने का अधिकार दिया गया था कि वक्फ संपत्ति ने सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण किया है या नहीं।

किन तीन मुद्दों पर सुनाया अंतरिम फैसला?

- क्या वक्फ घोषित की गई संपत्तियों को अदालतें वक्फ की सूची से हटा (डिनोटिफाई करना) सकती हैं या नहीं?
- क्या कोई संपत्ति उपयोग के आधार पर वक्फ (वक्फ बाय यूजर) या किसी दस्तावेज के जरिए वक्फ (वक्फ बाय डीड) घोषित की जा सकती है?
- अगर किसी जमीन को पहले अदालत ने वक्फ घोषित कर दिया हो, तो क्या सरकार बाद में उसे वक्फ की सूची से हटा सकती है या नहीं?

सरकार ने वक्फ कानून का किया था बचाव

केंद्र सरकार ने इस कानून का मजबूती से बचाव किया था। सरकार का कहना है कि वक्फ अपने आप में एक %धर्मनिरपेक्ष% व्यवस्था है। इसलिए इसे रोका नहीं जा सकता, क्योंकि जो कानून संसद से पास होता है, उसे संविधान सम्मत माना जाता है। सरकार ने यह भी कहा कि भले ही वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, लेकिन यह इस्लाम का कोई अनिवार्य हिस्सा नहीं है।

25 अप्रैल को केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 का बचाव करते हुए सुप्रीम कोर्ट में 1,332 फ्लों का प्रारंभिक हलफनामा दाखिल किया। इस हलफनामे में अदालत से अनुरोध किया गया कि वह इस कानून पर रोक न लगाए, क्योंकि यह कानून संसद ने पारित किया है और इसे संविधान-सम्मत माना जाना चाहिए।

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अभियंता दिवस पर लोक निर्माण से लोक कलयाण के संकल्प के साथ आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का कुशाभऊ ठाकरे सभागार में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सर विश्वेश्वैरया के चित्र पर माल्यापर्णण किया। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भी मौजूद रहे।

छग में दर्दनाक हादसा

श्रद्धालुओं से भरी बस ट्रेलर से टकराई चार की मौत

जौनपुर। जौनपुर जिले के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सीहीपुर में कल रात भीषण सड़क हादसा हुआ। श्रद्धालुओं से भरी बस ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में अब तक चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। जबकि नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी श्रद्धालु छत्तीसगढ़ के निवासी हैं।छत्तीसगढ़ से 50 श्रद्धालुओं से भरी बस अयोध्या गई थी। अयोध्या दर्शन करने के बाद सभी श्रद्धालु वाराणसी श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए जा रहे थे।

नवागत प्रधानमंत्री सुषीला के लिए पहली चुनौती

जिसको कुर्सी पर बिठाया, हटाने में समय नहीं लगेगा : गुरुंग

काठमांडू। ॥ एजेंसी

नेपाल में नई सरकार बनते ही असंतोष और बगावत की आवाज सुनने को मिल रही है। सरकार में शामिल हो रहे नए मंत्रियों को लेकर युवाओं में नाराजगी देखने को मिल रही है। नेपाल के जेन जेड आंदोलन के नायकों में शुमार रहे सुदन गुरुंग ने पीएम सुशीला कार्की के खिलाफ सख्त शब्दों का करते हुए कहा कि, जिसको मैं प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बिठा कर आया हूं उसको बाहर निकलने में मुझे अधिक समय नहीं लगेगा। सुदन गुरंग के संगठन हामो नेपाल ने इस आंदोलन में बड़ी भूमिका निभाई और युवाओं को संगठित करने में अहम रोल निभाया। लेकिन सुदन गुरुंग अब सुशीला कार्की से नाराज दिख रहे हैं। सुदन गुरुंग इस आंदोलन में शहीद हुए लोगों के परिजनों की मुलाकात पीएम से कराने के लिए दो बार प्रयासरत हुए, लेकिन शहीदों के परिजन पीएम से नहीं मिल पाए।

महाराष्ट्र में फिर मुसीबत बनी बारिश मुंबई के कई इलाकों में जलभराव

मुंबई ॥ एजेंसी

महाराष्ट्र में बारिश एक बार फिर मुसीबत बन गई है। कलदेर रात से ही राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश हो रही है। इस बीच मुंबई में भारी बारिश के कारण शहर के कई हिस्सों में भीषण जलभराव हो गया। सुबह किंग्स सर्कल इलाके में सड़कें नहर बनी नजर आईं। वहीं, तकनीकी खराबी के कारण मुंबई के वडाला इलाके में एक मोनोरेल रुक गई। एमएमआरडीए के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया,वडाला में मोनोरेल में तकनीकी खराबी आने के बाद 17 यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। यात्रियों को सुबह 7.45 बजे सुरक्षित निकाल लिया गया।एक अग्निशमन अधिकारी ने बताया, आज सुबह लगभग 7 बजे, मुकुंदराव अंबेडकर रोड जंक्शन पर मोनोरेल में तकनीकी खराबी आ गई। मोनोरेल गाड़ी महाराज स्टेशन से चेंबूर जा रही थी। मोनोरेल की तकनीकी टीम ने मुंबई अग्निशमन विभाग को फोन किया। हमारी विशेष गाड़ी तुरंत मौके पर पहुंची। मोनोरेल की तकनीकी टीम ने ट्रेन में सवार 17 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। ट्रेन को कपलिंग के जरिए वडाला ले जाया जा रहा है। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। सभी सुरक्षित हैं। ऑपरेशन पूरा हो गया है।

सड़क हादसे में वित्त मंत्रालय के उप सचिव की मौत

नई दिल्ली। दिल्ली में रिंग रोड पर एक भीषण सड़क हादसे में वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) के डिप्टी सेक्रेटरी नवजोत सिंह की मौत हो गई। ये दुर्घटना दिल्ली कैंट मेट्रो स्टेशन के पास हुई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें धीला कुआं से दिल्ली कैंट मेट्रो स्टेशन रोड की ओर यातायात जाम होने की सूचना दी गई।

सागर में बेकाबू ट्रक ने तोड़ा रेलवे फाटक 2 खड़े वाहनों को मारी जोरदार टक्कर

सागर। ॥ एजेंसी

नेशनल हाईवे पर स्थित ठाकुर बाबा रेलवे गेट नंबर 11 पर एक सीमेंट से भरा ट्रक अचानक बेकाबू हो गया। रेलवे फाटक को तोड़ते हुए ट्रक तीसरी पटरी पर जाकर फंस गया। इस दौरान ट्रक ने रास्ते में खड़े 2 वाहनों को भी जोरदार टक्कर मारी। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद रेल यातायात भी प्रभावित हुआ। गनीमत रही जब ट्रक ने रेलवे फाटक को तोड़ा, उस समय ट्रैक पर कोई ट्रेन नहीं गुजर रही थी। वरना बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे के बाद रेलवे गेट के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। यह रेलवे फाटक जरुआखेड़ा पुलिस चौकी के अंतर्गत आता है।ट्रक को रेलवे ट्रैक से हटाने में रेलवे के कर्मचारियों को कड़ी मशक्कत करना पड़ी। इस दौरान न सिर्फ रेलवे का संचालन घंटों तक प्रभावित हुआ बल्कि आसपास का सड़क यातायात भी पूरी तरह ठप हो गया। यात्रियों और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कार चालक रूपेश कुर्मी ने बताया कि उसे सागर से बीना जाना था। ट्रेन से उसके रिश्तेदार आ रहे थे, उन्हें लेने के लिए बीना जाना था लेकिन कई घंटे तक फाटक पर इंतजार करना पड़ा।घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने नाराजगी जाहिर की। ट्रक ड्राइवर अजीम खान ने बताया कि यहां पर पिछले 5 साल से रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है। इसकी वजह से लोगों को हर दिन जाम, खतरे और असुविधा का सामना करना पड़ता है।

प्रियंका गांधी का बिहार दौरा 28 को

नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा अभी नहीं हुई लेकिन राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गयी हैं। सभी दल के नेता सभाएं कर रहे हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का भी दौरा हो रहा है। कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा 28 सितंबर को बिहार दौरे पर आ रही हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार महिला वोटरों पर निशाना साधने की तैयारी है।पार्टी सूत्रों के अनुसार, प्रियंका की यात्रा दो उद्देश्यों की पूर्ति करेगी। पहला, इससे कांग्रेस को महिलाओं से जुड़े मुद्दों को सामने लाने में मदद मिलेगी, जो राज्य के आधे मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। दूसरा, यह आयोजन विपक्ष के नेता राहुल गांधी की 17 अगस्त से 1 सितंबर तक चली मतदाता अधिकार यात्रा के बाद कांग्रेस को प्रोत्साहन देगी, जिसमें वोट चोरी के मुद्दे को उठाया गया था।

सूखी सेवनिया पुलिस ने पकड़ी टाटा सफारी पैडलर ला रहा था 3.50 लाख की अवैध शराब

देशी, विदेशी सहित शराब के 28 पेटी और कार जब्त

सच प्रतिनिधि ।। भोपाल।।



पुलिस और आबकारी विभाग का शिकंजा कसते ही तस्करों में लग्जरी गाड़ियों से अवैध शराब का चलन बढ़ गया है। पैडलर्स का मानना है कि महंगी गाड़ियों पर पुलिस शक कम ही करती है इस वजह से अवैध शराब का परिवहन आसानी से किया जा सकता है। कोलार पुलिस ने होंडा सिटी कार में बड़ी मात्रा में शराब पकड़ी थी। अब राजधानी के दूसरे छोर यानि सूखीसेवनिया में टाटा सफारी गाड़ी में 28 पेटी अवैध शराब पकड़ी गई है। जिसकी करीब साढ़े तीन लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने मौके से एक पैडलर को भी दबोचा है। पूछताछ में उसने बताया कि वह विदिशा से शराब लेकर निकला था जिसे नेहरू नगर में सप्लाई किया जाना था लेकिन उसके पास शराब के परिवहन के कागजात नहीं हैं।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

बीते सप्ताह की तेजी के बाद बाजार की सपाट शुरुआत

मुंबई । बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने सोमवार को शुरुआती कारोबार में मामूली बढ़त दर्ज की, लेकिन बाद में दोनों को उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा। सेंसेक्स और निफ्टी पिछले हफ्ते तेजी के बाद मुनाफावसूली के बीच स्थिर कारोबार कर रहे थे। बाजार इस हफ्ते होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक के नतीजों का इंतजार कर रहा है।30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 93.81 अंकों की बढ़त के साथ 81,998.51 पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 24.45 अंकों की बढ़त के साथ 25,138.45 पर पहुंच गया। बाद में बीएसई बेंचमार्क 10.06 अंकों की गिरावट के साथ 81,904.31 पर और निफ्टी 12.65 अंकों की गिरावट के साथ 25,099.90 पर कारोबार कर रहा था।

नया ट्रेंड ॥ डीएनए डायमंड से बदलने वाला है ज्वेलरी का भविष्य, आने वाला है नया ट्रेंड

अपने ही डीएनए से लैब ग्रोन डायमंड बनवा सकेंगे लोग

नई दिल्ली ॥ एजेंसी

ज्वेलरी इंडस्ट्री लगातार नए आयाम छू रही है। इन्हीं आयामों की फेहरिस्त में अब एक ऐसा ट्रेंड आने जा रहा है जो आने वाली पीढ़ियों के लिए यादगार साबित हो सकता है। जानी-मानी ज्वेलरी डिजाइनर, मैन्युफैक्चरर और कंसल्टेंट हेतल वकील वालिया का कहना है कि बहुत जल्द लोग अपने ही डीएनए से लैब ग्रोन डायमंड बनवा सकेंगे, जो न सिर्फ आभूषण का हिस्सा होंगे बल्कि एक भावनात्मक जुड़ाव व यादों को संजोने का माध्यम भी बनेंगे।

हेतल वकील इंटरनेशनल फ्री ज़ोन अथॉरिटी दुबई की महिला विंग की

प्रमुख रह चुकी हैं और पिछले तीन दशक से अधिक समय से ज्वेलरी इंडस्ट्री से जुड़ी हैं। हेतल ने बताया कि जब भी इंडस्ट्री में उथल-पुथल होती है तभी नए अवसर जन्म लेते हैं। आज सोने के भाव आसमान छू रहे हैं, लैब ग्रोन डायमंड बाजार में तेजी से आ गए हैं। ऐसे समय में डीएनए डायमंड एक अनोखा अवसर है। यह तकनीक बैंकॉक और सिंगापुर से आई है और अब हम दिल्ली के ज्वेलरी शो में इस पर पैनल डिस्कशन भी कर चुके हैं।हेतल वकील वालिया ने समझाया कि डीएनए डायमंड की खासियत यह है कि इसमें ग्राहक अपना डीएनए शामिल करवा सकते हैं। इस तरीके से यह सिर्फ एक आभूषण नहीं रहेगा बल्कि एक पर्सनलाइज्ड मेमोरी बन जाएगा। आज ज्वेलरी केवल सुंदरता की चीज नहीं है, यह पर्सनलाइजेशन, इमोशनल कनेक्शन व एक्सक्लूसिविटी के बारे में है। जब कोई जानता है कि यह डायमंड मेरे ही डीएनए से बना है तब उसकी वैल्यू और भी बढ़ जाती है।

लैब ग्रोन डायमंड की कीमत व संभावनाएं

ज्वेलरी डिजाइनर हेतल वकील के मुताबिक, वर्तमान में लैब ग्रोन डायमंड की कीमत करीब 20 से 60 हजार रुपये प्रति कैरेट तक है। डीएनए डायमंड ज्वेलरी की कीमत इससे अधिक होगी। यह लगभग 2,000 अमेरिकी डॉलर से शुरू होती है। उन्होंने कहा कि लोग इसके लिए तैयार हैं, क्योंकि यह सिर्फ एक गहना नहीं बल्कि पहचान व विरासत है। जैसे हमारी दादी की कोई पुरानी जड़ी वाली साड़ी आज भी हमें यादों से जोड़ती है, वैसे ही यह डीएनए डायमंड आने वाली पीढ़ियों को हमारी याद दिलाएगा।

ज्वेलरी की डिजाइनों का बदलता ट्रेंड

हेतल वकील वालिया ने यह भी बताया कि आज के दौर में डिजाइन ही असली पहचान है। सोना, डायमंड व मेकिंग चार्ज सभी ज्वेलर्स के पास लगभग समान होते हैं, लेकिन ग्राहक उसी को चुनते हैं, जिसकी डिजाइन उनकी लाइफस्टाइल और बजट के हिसाब से बनी होती है। आज सिर्फ आधारित डिजाइनिंग हो रही है। महिलाएं हल्की, आकर्षक व अपनी ज़रूरत के मुताबिक ज्वेलरी पसंद कर रही हैं। अब 22 कैरेट और 18 कैरेट के अलावा 9 कैरेट ज्वेलरी भी प्रमाणित रूप से बाज़ार में उपलब्ध होंगी। इससे खरीदारों को ज्यादा विकल्प मिलेंगे और ज्वेलर्स को नए डिजाइन बनाने की संभावनाएं बढ़ेंगी। हेतल का मानना है कि आने वाले समय में डीएनए डायमंड इंडस्ट्री का चेहरा बदल देंगे।

तमिलनाडु में हिंदी थोपना असंभव : कनिमोझी

मदुरई। डीएमके सांसद कनिमोझी ने केंद्र सरकार की भाषा नीति और हिंदी थोपने के प्रयासों को लेकर कड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि तमिल भाषा न सिर्फ प्राचीन है, बल्कि आज भी जीवित और समृद्ध है, जबकि संस्कृत अब आम बोलचाल की भाषा नहीं रह गई है। इसके बावजूद केंद्र सरकार संस्कृत के प्रचार-प्रसार के लिए बड़े पैमाने पर धन आवंटित करती है। कनिमोझी ने यह भी चेताया कि अगर किसी राज्य में स्थानीय भाषा को नजरअंदाज कर हिंदी या किसी अन्य भाषा को बढ़ावा दिया गया, तो वहां की संस्कृति और परंपरा पर खतरा मंडराने लगता है।